प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 09.04.2025

- **वाहनों पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चल रहे वाहनो के विरुद्ध चलाये गये वाहन चेकिंग अभियान के तहत कानपुर देहात पुलिस को मिली एक और सफलता,**
- **थाना भोगनीपुर पुलिस एवं एआरटीओ की संयुक्त चेकिंग अभियान में ट्रक में गलत नम्बर प्लेट लगाकर परिवहन करने वाले 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में वाहनों पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चल रहे वाहनों के विरुद्ध चलाये जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में, दिनांक 08.04.2025 को थाना भोगनीपुर पुलिस व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा रौनक ढ़ाबा के पास चेकिंग अभियान चलाया गया जहां चेकिंग के दौरान चालक जसवन्त पाल पुत्र रामनरेश पाल निवासी ग्राम देवपुरा पोस्ट लमसर थाना कालपी जनपद जालौन द्वारा वाहन संख्या UP92T8488 चेचिस नं0- MAT466399H5H11385 में गलत वाहन संख्या UP32LN2474 की नम्बर प्लेट लगाकर वाहन चलाना व चालक जसवन्त पाल द्वारा बंसल धर्मकांटे पर वाहन का नम्बर UP32LN2474 बताये जाने व वाहन पोर्टल में सर्च करने पर वाहन का रजिस्ट्रेशन नं0-UP92T8488 प्रदर्शित होने के संबंध में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी श्रीमती सोमलता यादव द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर थाना भोगनीपुर पर मु0अ0सं0 124/2025 धारा 318(4) बीएनएस बनाम 1.वाहन संख्या UP92T8488 चेचिस नं0- MAT466399H5H11385 का मालिक नाम पता अज्ञात 2. चालक जसवन्त पाल पुत्र रामनरेश पाल निवासी ग्राम देवपुरा पोस्ट लमसर, थाना कालपी जनपद जालौन पंजीकृत किया गया। पंजीकृत किये गये अभियोग में विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा बरामद किये गये ट्रक को कब्जे लेकर थाना भोगनीपुर पर खड़ा कराया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त/चालक जसवन्त पाल पुत्र रामनरेश पाल निवासी ग्राम देवपुरा पोस्ट लमसर, थाना कालपी जनपद जालौन के विरुद्ध नियमानुसार की जा रही है। वाहनों पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चल रहे वाहनो के विरुद्ध चेकिंग अभियान अनवरत जारी रहेगा।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण–

1.चालक जसवन्त पाल पुत्र रामनरेश पाल निवासी ग्राम देवपुरा पोस्ट लमसर, थाना कालपी जनपद जालौन उम्र करीब 35 वर्ष।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.श्रीमती सोमलता यादव सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन जनपद कानपुर देहात।

2.प्र0नि0 अंजन कुमार सिंह थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।

3.हे0कां0 402 तेज बहादुर सिंह थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।

4.कां0 744 अमित कुमार थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।